हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 20 जुलाई 2025



तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

प्रत्येक बच्चों को करना चाहिए अपने माता- पिता एवं गुरुजनों का आदर 4



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## स्वास्थ्य विभाग ने लगाया कैम्प, पानी का लिया गया सेम्पल

# खरौद नगर में डायरिया की धमक चपेट में आए दो दर्जन से अधिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नगर पंचायत खरौद में डेंजरस डायरिया की धमक हो गई है। तिवारी पारा में दो दर्जन से अधिक लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने कैम्प लगाया है और डोर टू डोर सर्वे किया जा रहा है। वहीं बोर के पानी का सेम्पल भी लिया गया है।

बरसात के मौसम में जल जनित बीमारी पैर पैसारने लगी है। एक के बाद एक कई गांव डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। जांजगीर चाम्पा जिले में अकलतरी और कुथुर के बाद अब पामगढ ब्लॉक के नगर पंचायत खरौद में डायरिया की धमक हो गई है। खरौद नगर के तिवारी पारा में दो दिन पहले डायरिया की दस्तक हुई। डायरिया फैलने की सूचना पर 18 जुलाई को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो ने खरौद नगर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। बीएमओ ने अपनी टीम के साथ प्रभावित मरीजों के घर जाकर जानकारी ली। इसके बाद खरौद में ही स्वास्थ्य विभाग का शिविर लगा दिया गया है। स्वास्थ्य अमला डोर टू डोर सर्वे कर रहा है। सामान्य मरीजों को दवा देकर मौके पर ही उपचार किया जा रहा है। वहीं गंभीर मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरौद में भर्ती कराया जा रहा है। खरौद में दो दिन में ही डायरिया के दो दर्जन मरीज सामने आ चुके हैं। सीएचसी में 15 मरीजों को भर्ती किया जा चुका है। बताया जा रहा हैं कि कुछ दिन पहले तिवारी पारा के नल से गंदा पानी आया था। डायरिया फैलने के बाद पीएचई ने पानी का सेम्पल लिया है। लोगों की माने तो नल में गंदा पानी आया था। कुछ लोगों ने पानी उबालकर पीया था। वहीं अन्य लोगों ने इस पानी का सेवन कर लिया था। इसी गंदे पानी के सेवन से डायरिया फैलने की आशंका जताई जा रही है।


प्रभावितों के घर जाकर जानकारी लेते बीएमओ

### सावधानी और बचाव के उपाए

डायरिया के नोडल अधिकारी डॉ दीपक साहू का कहना है कि बरसात के मौसम में डायरिया से बचने के लिए कुछ सावधानियां बरतने की जरूरत है। हाथों को अच्छी तरह से धोना, स्वच्छ पानी पीना, और साफ-सुथरा खाना खाना बहुत जरूरी है। इसके अलावा बाहर का खाना खाने से बचना चाहिए। खाना बनाने और खाने से पहले, टॉयलेट के बाद, और बीमार व्यक्ति की देखभाल के बाद हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोना चाहिए। हमेशा स्वच्छ और फ़िल्टर किया हुआ पानी पिएं। उबला हुआ पानी भी सुरक्षित होता है। ताजे और साफ-सुथरे फल और सब्जियों का सेवन करें। खाना बनाने से पहले सभी खाद्य पदार्थों को अच्छी तरह से धो लें। मांस और अंडे को अच्छी तरह से पकाएं। बाहरी खाना और दूषित भोजन से बचें। अपने घर और आसपास की जगह को साफ-सुथरा रखें। यात्रा के दौरान साफ और सुरक्षित पानी और भोजन का सेवन करें। दस्त के कारण होने वाली पानी की कमी को पूरा करने के लिए ओ आर एस का उपयोग करें। दस्त के दौरान दलिया, खिचड़ी और केले जैसा हल्का भोजन लें। दही का सेवन भी फायदेमंद हो सकता है। आंतों में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ावा देने में दही मदद करता है।

### अकलतरी में कहर बरपा चुकी है जानलेवा बीमारी

जिले में अकलतरा विकासखंड के ग्राम अकलतरी से माहभर पहले डायरिया ने दस्तक दी थी। जानलेवा बीमारी से अकलतरी के 4 ग्रामीणों की जान चली गई। सप्ताहभर तक गांव में डायरिया का प्रकोप रहा। गांव में 9 जून को डायरिया की दस्तक हुई थी। इसके बाद पांच दर्जन ग्रामीण इसकी चपेट में आए। गांव में शिविर लगाने के साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा में भी मरीजों को भर्ती कर उपचार किया गया। इसके आलावा अकलतरा और बिलासपुर के निजी चिकित्सालयों में भी कई मरीज पहुंचे। सप्ताहभर बाद गांव में डायरीया का प्रकोप थमा। इसी तरह नवागढ़ ब्लाक के ग्राम कुथुर में भी कुछ दिन पहले डायरिया की धमक हुई थी। गांव में दर्जन भर ग्रामीण डायरिया की चपेट में आए थे। जिनमें से आधा दर्जन को जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। कुथुर में भी हैण्डपंप के पानी का सेंपल लिया गया है।

### स्थिति नियंत्रित

खरौद के तिवारीपारा मे दो दर्जन लोग डायरिया के चपेट में आए है। दो दिन के अंदर 15 मरीजों को सीएचसी खरौद में भर्ती कराया गया। डोर टू डोर सर्वे किया गया। साथ ही पानी का सेंपल लिया गया है। स्थिति अब नियंत्रण में है।

**-सौरभ यादव,**
बीएमओ, पामगढ़

# शराब दुकान से ढाई लाख नकदी समेत लॉकर की चोरी

## सीसीटीवी की तार काटकर वारदात को दिया अंजाम


मौके पर जांच करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बोड़सरा शराब दुकान में धावा बोलकर चोरों ने करीब ढाई लाख रुपये नकद समेत कैश लॉकर पार कर दिया। चोरों ने शराब दुकान में लगे सीसी कैमरा का तार काटकर वारदात को अंजाम दिया। सुरक्षागार्ड से पूछताछ करते हुए पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जांजगीर-चांपा जिले में शराब दुकानो पर चोर और लुटेरों की पैनी नजर है। शराब दुकानों में लगातार वारदात हो रही है। पहले सिवनी में दोहरा मर्डर कर शराब दुकान से चोरी हुई। फिर खोखरा शराब दुकान के सामने से कैश कलेक्शन कम्पनी के गार्ड को गोली मारकर 78 लाख की लूट की गई। अब बोडसरा की शराब दुकान से ढाई लाख रुपये की चोरी हुई है। नैला चौकी अंतर्गत ग्राम बोड़सरा में संचालित शराब दुकान में शुक्रवार 18 जुलाई की रात चोरों ने धावा बोला। शराब दुकान के कैश लॉकर में बिक्री की रकम करीब ढाई लाख रुपए रखी थी। दुकान में रखे लगभग ढाई लाख रुपये नकद के साथ पूरा केस लाकर चोर उठा ले गए। वारदात से पहले चोरों ने सीसी कैमरों के वायर काट दिए, ताकि कोई रिकॉर्डिंग न हो सके।इधर घटना की सूचना मिलने पर नैला पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फिलहाल सुरक्षा गार्ड से पूछताछ जारी है, लेकिन अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। शराब दुकानों में लगातार हो रही वारदात ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। खोकरा में हुई सबसे बड़ी 78 लाख की लूट का पुलिस अब तक सुराग नहीं लगा सकी है। खोखरा में कैश कलेक्शन करने गए कंपनी के गार्ड को गोली मारकर लुटेरों ने 78 लाख रुपए से भरी पेटी लूट ली थी। घटना के तीन माह बाद भी पुलिस लुटेरों का सुराग नहीं लगा सकी है। अब बोड़सरा शराब दुकान की चोरी का पता लगाने पुलिस पसीना बहा रही है।

## खबर संक्षेप

### बिर्रा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज

**बिर्रा।** संस्कार भारती जिला इकाई नवीन जिला सक्ति के बैनर तले शारदा संगीत महाविद्यालय बिर्रा द्वारा आचार्य चाणक्य सभागार बिर्रा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव रविवार 20 जुलाई को दोपहर 12 बजे से शुभारंभ किया जाएगा । जिसके मुख्य अभ्यागत दिनेश कुमार चंद्रा संचालक देव पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल बसंतपुर बिर्रा होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सुप्रिया शुक्ला प्राचार्य सरस्वती शिशु मन्दिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा होंगी । खण्ड कार्यवाह पीताम्बर कश्यप, मंडल पालक बुध्देश्वर कश्यप, खंड घोष प्रमुख प्रवीण तिवारी की उपस्थिति में होगा। नृत्यांगना कु मेघा यादव की कत्थक नृत्य की प्रस्तुति होगी। विद्यार्थियों द्वारा गीत भजन की प्रस्तुति होगी। उक्ताशय की जानकारी शारदा संगीत महाविद्यालय बिर्रा के संचालक एवं संस्कार भारती जिला इकाई नवीन जिला सक्ती के महामंत्री मनोज कुमार तिवारी ने दी।

### जवाहर नवोदय चयन परीक्षा के लिए आवेदन 29 तक

**जांजगीर-चांपा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित जवाहर नवोदय चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 29 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं। प्राचार्य, पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, चिस्दा ने बताया कि चयन परीक्षा 13 दिसंबर को प्रातः 11.30 बजे आयोजित की जाएगी। जिले के किसी सरकारी या मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा 5वीं में 31 जुलाई से पहले तक प्रवेश लेकर अध्ययनरत हैं।

### सड़क पर मवेशियों का डेरा पालिका की टीम ने हटाया

**जांजगीर-चांपा।** शहर की सड़कों पर इन दिनों आवारा मवेशियों का डेरा लग रहा है। इससे आवागमन बाधित होने के साथ ही हादसों का खतरा बढ़ गया है। नगर के मुख्य मार्गो जैसे- कचहरी चौक से कलेक्टेट चौक, कचहरी चौक से नेताजी चौक होते हुये नैला रले वे स्टेशन तक, नेताजी चौक से बनारी रोड, नेताजी चौक से बीटीआई चौक तक एवं कचहरी चौक से खोखरा चौक तक में सडक पर आवारा मवेशी के जमावड़ा होने से आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रहे थे जिसे निकाय की टीम के द्वारा समस्त मवेशियों को हटाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। पशुपालकों से अपने पशुओं को घर में बांध कर रखने की बात कही गई, अन्यथा जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी।

### 5 निरीक्षक, 3 उप निरीक्षक और 2 सहायक उप निरीक्षकों का तबादला

**जांजगीर-चांपा।** जिले के पुलिस विभाग में प्रशासनिक दृष्टिकोण से बड़े पैमाने पर फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी आदेशानुसार 10 पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से किया गया है। इनमें 5 निरीक्षक, 3 उप निरीक्षक और 2 सहायक उप निरीक्षक शामिल है। अकलतरा थाना प्रभारी मणिकांत पाण्डेय को जांजगीर सिटी कोतवाली की कमान सौंपी गई है। वहीं जांजगीर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार द्विवेदी को शिवरीनारायण तो शिवरीनारायण थाना प्रभारी भास्कर शर्मा को अकलतरा थाना प्रभारी बनाया गया है।

## दो आदतन बदमाशों का पुलिस ने शहर में निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

जिले में अपराधियों को सबक सिखाने और लोगों के मन से उनका डर निकालने चांपा पुलिस ने शनिवार को दो आदतन बदमाशों को गिरफ्तार कर शहर में उनका जुलूस निकाला।

इस संबंध में चांपा थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि 17 जुलाई 7 बजे आरोपी गोपाल पाल प्रार्थी राधेश्याम देवांगन से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। प्रार्थी के मना करने पर उसे अश्लील गाली-गलौज करने लगा जिसके बाद प्रार्थी वहां से डर कर चुपचाप अपने घर चला गया। दूसरे दिन शाम 7 बजे प्रार्थी अपने घर पर था उसी समय दोनों बदमाश गोपाल पाल और सुभम पाल प्रार्थी के घर के दरवाजा को लात मारकर घर अंदर घुस गये और लकड़ी के पटरा से प्रार्थी के ऊपर हमला किया। बीच बचाव करने वालो को भी गाली गलौच करते हुए मारपीट कर वहां से भाग गए। सूचना रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 333, 119(1), 296, 351(2), 115(2)3 (5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। आदतन बदमाशो की गुंडा गर्दी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देशन में तत्काल दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का कील लगा 1 नग लकड़ी का पटरा बरामद किया। पुलिस ने नगर में दोनों आरोपियों का जुलूस भी निकाला। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।


आदतन बदमाशों का जुलूस निकालते पुलिस।

### बस व बाइक की भिड़ंत में दंपती सहित 3 घायल

**गोधना।** राछाभाठा मेन रोड पर शनिवार को बस और बाइक की आमने-सामने टक्कर में नवविवाहित दंपती सहित तीन लोग घायल हो गए। हादसे में घायल एक युवक शिवा देवार की हालत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम गोधना निवासी शिवा देवार अपनी पत्नी रूबी देवार और पड़ोसी इंद्रजीत के साथ बाइक से कांटेकोनी की ओर जा रहा था। राछा भाठा के पास सामने से आ रही शुक्ला बस से उसकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची मेडिकल टीम ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे में घायल शिवा देवार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

## पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों से जब्त किया 11 किलो गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दो आरोपियों के कब्जे से 11 किलो गांजा बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। मामला सक्ती शहर का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा अवैध जुआ व सट्टा तथा नशे के कारोबारियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इस दौरान मुखबिर तैनात कर सूचना संकलन किया जा रहा था। इसी दौरान 18 जुलाई को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि 1 स्कुटी वाहन में दो ब्यक्ति गांजा लेकर रायगढ तरफ से सक्ती की ओर आ रहा है। सूचना पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मसनिया चैक नेशनल हाईवे रोड पंहुचकर घेराबंदी किया गया। घेराबंदी के दौरान एक बिना नंबर का टीव्हीएस जुपिटर स्कुटी में बैठे दो ब्यक्ति रायगढ तरफ से आते दिखाई दिये। उक्त वाहन पर जिसमे दो ब्यक्ति सवार थे, जिनसे नाम व पता पूछने पर अपना नाम गुलाब देंवांगन पिता लक्ष्मीनारायण उर्फ छोटु देवांगन उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 2 कसेरपारा सक्ती एवं उत्तम श्रीवास पिता टेनूराम श्रीवास उम्र 35 वर्ष निवासी मुकडेगा टांगर पारा थाना लैलुगा जिला रायगढ का निवासी होना बताया। तलाशी लेने पर कुल 9 पैकेट तथा 2 पन्नी में गांजा को बरामद किया गया। गांजा का तौल करने पर कुल 11 किलो गांजा कीमती 1 लाख 10 हजार का होना पाया गया। आरोपीगण का कृत्य धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से कुल 11 किलो गांजा जब्त किया गया। साथ ही दो मोबाइल कीमती 20 हजार जुमला कीमती 2 लाख 30 हजार को जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।


जब्त गांजा के साथ आरोपी।

### डूब कर मृत चार बच्चों के अभिभावकों को मिली चार-चार लाख की राशि

**अकलतरा।** ग्राम भैसतरा में चार बच्चों की पानी में डूबकर हुईं मौत पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शोक व्यक्त करते हुए चार-चार लाख की राशि अभिभावक को दिया है। यह राशि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रतिनिधि के रूप में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के द्वारा मृत बच्चों के अभिभावकों को प्रदान की गई। भैसतरा के तालाब में भागीरथी श्रीवास की बेटी पुष्पांजलि श्रीवास और बेटा तुषार श्रीवास की 12 जुलाई को को दो अन्य बच्चों के साथ डूबकर मौत हो गयी थी। पीड़ित पिता भागीरथी श्रीवास को शासन की ओर से 8 लाख रुपए प्रदान किए गए। चार वर्षीय बालिका अंशिका यादव पिता दुर्गेश यादव को चार लाख और ख्याति केवट पिता जीधन केंवट उम्र 5 साल को चार लाख रुपए राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा दिए गए हैं।

## जेल में बंद पंचायत सचिव पर पौने चार लाख के गबन का नया मामला आया सामने, कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

**अकलतरा।** कूट रचना कर 25 लिख रुपए का गबन करने के मामले में जेल में बंद ग्राम पंचायत रसेड़ा के पूर्व पंचायत सचिव मोहम्मद इलाही कुरैशी पर चार लाख तिहत्तर हजार रुपए गबन करने का नया मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत रसड़ा के सरपंच श्रीमती जानकीबाई, उपसरपंच गणेश राम, पंच लोकनारायण निर्मलकर व अन्य लोगों के द्वारा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु गुप्ता को ज्ञापन सौंप कर इलाही मोहम्मद कुरैशी के ऊपर एफआईआर दर्ज कराए जाने की मांग की गई है। मोहम्मद इलाही कुरैशी पहले कोटमीसोनार में 25 लाख रुपये की शासकीय राशि के गबन और धार्मिक भावना भड़काने के आरोप में जेल पहुंचा। सचिव अब ग्राम पंचायत रसेड़ा में भी 3.73 लाख रुपये के गबन के आरोपों में घिर गया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों का आक्रोश अब उबाल पर है। जनपद पंचायत अकलतरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा गठित जांच समिति ने ग्राम पंचायत रसेड़ा में 15वें वित्त आयोग वर्ष 2024-25 के तहत खर्च की गई राशि की जांच की। जांच रिपोर्ट के अनुसार, तत्कालीन सचिव ईलाही कुरैशी द्वारा 3.73 लाख रुपए की राशि खर्च का कोई वैध दस्तावेज या सबूत पेश नहीं किया गया।



### ग्रामीण क्षेत्रों में रूला रही बिजली की अघोषित कटौती, पसीने से हो रहे तरबतर

# सावन में उमसभरी गर्मी लोगों को कर रही हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सावन के माह जिले में बैसाख-चैत्र जैसी गर्मी पड़ रही है। बारिश थमने से उमस भरी गर्मी से लोग हलकान हो रहे हैं। लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया।

सावन को अच्छी बारिश के लिए जाना जाता है, लेकिन इस बार जिले में स्थिति कुछ अलग ही नजर आ रही है। सावन में बारिश नहीं होने से सूरज की तपन और उमस भरी गर्मी से लोग हलकान हो रहे हैं। सावन का माह 11 जुलाई से लगा है और अब सप्ताह भर हो चुके हैं। लेकिन इस अवधि में एक या दो दिन ही कहीं कहीं पर हल्की बारिश हुई है। बारिश नहीं होने से उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया है। इधर तापमान भी बढ़ गया है। पिछले कुछ दिनों से अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है। शनिवार को भी सुबह से उमस भरी गर्मी के कारण लोग परेशान नजर आए। शाम को शहर में हल्की बूंदाबांदी हुई। इधर दिन हो या रात गर्मी के सितम से हर वक्त लोग पसीने से तर बतर हो रहे हैं। दिन चढ़ते ही सूर्यदेव की तपिश से उमस बढ़ जा रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। गर्मी से राहत देने में बिजली की अघोषित कटौती भी ग्रामीण क्षेत्र में आड़े आ रही है। हाल ये हो गया है कि न तो दिन में उमस भरी गर्मी से सुकून मिल पा रहा है, न तो रात में चैन की नींद आ पा रही है। सावन के महीने में उमस और गर्मी ने लोगों के स्वास्थ्य को भी बिगाड़ दिया है। मौसमी बुखार और सर्दी ,खांसी से भी लोग पीड़ति हो रहे हैं। अस्पतालो में मरीजों की भीड़ लग रही है।


शनिवार को शाम के बाद शहर मे हुई हल्की बारिश।

### शुरूआती बरसात से बनी थी बाढ़ की स्थिति

जिले में इस साल शुरूआती दौर में अच्छी बारिश हुई। जून के अंतिम दिनों मे लगातार कई दिनों तक तेज बारिश हुई। इसके बाद जुलाई के शुरूआत में भी अच्छी बारिश हुई। इससे नदी नालों का जल स्तर बढ़ गया। जिला मुख्यालय में भी जगह जगह पर जल भराव हो गया था। उस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के नालों से ऊपर पानी चढ़ गया था, जिससे दो तीन दिनों के लिए आवागमन भी अवरूद्ध हो गया था। बाढ़ की स्थिति निर्मित होने से नदी नालों के आसपास रहने वालों को बाढ़ का डर सता रहा था। अब बारिश थमने के बाद सभी गर्मी से व्याकुल है।

## आनलाइन कम्प्यूटर सेंटर में चोरी का प्रयास, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसमंदा

कोसमंदा में आनलाइन कम्प्यूटर सेंटर में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी का असफल प्रयास किया है। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोसमंदा के बाजार चौक में संचालित साई कंप्यूटर सेंटर में ताला काटने का प्रयास किये हैं। कटर मशीन से ताला को काटकर चोरी का असफल प्रयास किया है। दुकान के संचालक टिकेश्वर यादव ने बताया कि गांव के सरपंच संजय रत्नाकर को और पुलिस थाना में भी रिपोर्ट किया है। इस घटना से बाजार चौक के व्यापारी लोग डरे डरे हुए हैं। ऐसी घटना और पिछले कई बार हो चुकी है। इसके बाद भी चोर पुलिस गिरफ्त से बाहर है। सीसी टीवी फुटेज में कैद होने के बावजूद चोर की धर पकड़ नहीं हो सकी है। पिछले बार गोपाल यादव के बाईक को उनके घर के सामने से चुरा कर ले गये और आज अटल व्यवसाय में शटर का ताला तोड़ने का प्रयास किया गया है। जिससे चोरों का हौसला बहुत ही बुलंद है और लोगों को चुनौती दे रहे है।



## खबर संक्षेप

### शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**अकलतरा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अकलतरा में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शाला में उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा ,अनुशासन ,खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई । शाला के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम की सराहना करते हुए शाला परिवार को बधाई दी गई ।उपस्थित सदस्यों द्वारा शाला का निरीक्षण कर शाला में अन्य आवश्यकताओं की जानकारी ली गई जैसे क्षतिग्रस्त सेप्टिक टैंक, कबाड़ हुए फर्नीचर आदि समस्याएं एवं उन्हें अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से दूर करने का आश्वासन दिया गया। सभी सदस्यों द्वारा शाला के लाइब्रेरी हेतु आज के परिपेक्ष में आवश्यक एवं गुणवत्तापूर्ण पुस्तकें स्वेच्छानुसार दान एवं स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं की मदद से व्यवस्था करने की बात रखी गई। अंत में सभी सदस्यों द्वारा शाला में छात्र हित हेतु साकारात्मक कार्य के लिए प्रतिबद्ध रहने की बात कही गई। बैठक में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नानक रोहरा, सचिव एवं प्राचार्य श्रीमती गीता सिंह, मदनमोहन सिंह चंदेल, विधायक प्रतिनिधि भविष्य चंद्राकर, नगर पालिका सभापति दिनेश दास मानिकपुरी, पालक सह सदस्य संगीत कर्ष, श्रीमती तरन्नुम जहां, सूरज चौबे, अशोक बुडेक, श्रीमती दीक्षा साहू, दानेश्वर कश्यप, श्रीमती स्वाति तिवारी, शशिकला कश्यप एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### मां चंडी मंदिर में रामायण गायन का हो रहा आयोजन



**बिर्रा।** सावन मास में बिर्रा के मां चण्डी मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह में चण्डी समिति के द्वारा रामायण गायन का आयोजन किया जा रहा है। रामायण गायन में हर रोज चार से पांच गायन पार्टी अपने वाद्य यंत्र के साथ गायन वादन कर रही हैं। समिति के द्वारा शाम सात बजे महाआरती किया जाता है तथा सभी गायन पार्टी व श्रोताओं को प्रसाद वितरित किया जाता है। गायन वादन में पन्नालाल, रमेश कुमार साहू, कृष्ण विष्णु साहू, गणेश कश्यप, गोपाल कश्यप, परदेशी पटेल, सौखी पटेल, रामाधीन, सिधू, श्रवण थवाईत, लक्ष्मी देवांगन, दूकालू देवांगन, टीकाकार मुरारीलाल थवाईत, लक्ष्मी देवांगन, शत्रुघन कश्यप, के अलावा समिति लखनलाल देवांगन रामकुमार देवांगन गोर्वधन देवांगन विजय कुमार श्रवण कुमार कश्यप नंदलाल श्रीवास उपस्थित थे।

### शासकीय जमीन को कर दी व्यक्ति विशेष व भू माफियाओं के नाम, पटवारी की हुई शिकायत

**बेल्हाडीह-जेठा।** तहसील भोथिया के ग्राम हरदी/बोईरडीह में शासकीय जमीनों को ऑनलाइन भू अभिलेखों में फर्जीवाड़ा कर गैरकानूनी रूप से अपने व्यक्ति विशेष लोगों के एवं भू माफियाओं के नाम दर्ज करने वाले प. ह. न. 06 के पटवारी के विरुद्ध जांच कर प्रशासनिक एवं कानूनी कार्यवाही करने के संबंध में शिकायत किया गया है। कलेक्टर एवं अधिकारियों के नाम सौंपे गए शिकायत पत्र में अधिवक्ता मुकेश कुमार बंजारे ने बताया कि हल्का न. 06 के पटवारी के द्वारा ग्राम हरदी/बोईरडीह के शासकीय जमीनों को बिना तहसीलदार एवं बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के आनलाइन भू अभिलेखों में फर्जीवाड़ा कर अनगिनत जमीनों को अपने व्यक्ति विशेष एवं भू माफियाओं के नाम दर्ज कर बी 1 एवं खसरा पांचसाला में फर्जी नामांतरण क्रमांक दर्ज कर राजस्व अभिलेखों में छेरछार किया गया है। इस प्रकार राजस्व अभिलेखों में आनलाइन नाम दर्ज कर 125 एकड़ जमीन को अलग अलग जिलों के बैंकों से लोन लेकर गिरवी भी रखा गया है, जिसकी शिकायत जिला कलेक्टर सक्ती से किया। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द जांच कर कार्यवाही किया जाएगा। इसी प्रकार राजस्व मंत्रालय के मुख्य सचिव एवं आयुक्त को भी शिकायत किया गया है।

### बिलासपुर रेंज के आई.जी. डॉ. संजीव शुक्ला ने मिशन सिक्योर सिटी के तहत किया उद्घाटन

# एआई लैस सीसीटीवी कैमरों से नगर होगा सुरक्षित व अपराध नियंत्रण में होगी आसानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला ने शुक्रवार 18 जुलाई को दोपहर 12 बजे स्थानीय पुलिस थाना परिसर में मिशन सिक्योर सिटी के तहत नगर में प्रमुख स्थलों पर लगाये गये 70 सी.सी.टी.वी. कैमरे जिनमें से 27 एआई तकनीक से युक्त हैं का शुभारंभ विधिवत फीता काटकर और पूजा-अर्चना कर किया। जन सहयोग से लगाये गये इन सी.सी. टी.वी. कैमरों की स्थापना में सहयोगकर्ताओं का उन्होंने प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मान भी किया।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मिशन सिक्योर सिटी के तहत चांपा में कुल 70 सी.सी. टी.वी. कैमरे नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर लगाये गये हैं। इन कैमरों में 27 अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक से युक्त हैं। डॉ. शुक्ला ने कहा कि यह पहल पुलिस विभाग एवं जनसहयोग से साकार हो सकी है। इन कैमरों की मदद से अब शहर की हर गतिविधी पर पुलिस द्वारा पैनी नजर रखी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि उनके बिलासपुर रेंज के 5 जिलों में चांपा ऐसा पहला शहर है जो मिशन सिक्योर सिटी के तहत सी.सी. टी.वी. कैमरों से युक्त हुआ है। इससे पुलिस को अपराध नियंत्रण में काफी मदद मिलेगी। इस तरह चांपा शहर पूरे प्रदेश में एक मॉडल के रूप में पहचाना जायेगा। डॉ. शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक से अपेक्षा व्यक्त की कि वे इन कैमरों के वार्षिक रख-रखाव पर ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि पहले मोबाईल की मदद से अपराध की रोकथाम होती थी लेकिन बढ़ते आधुनिकीकरण के कारण अब इन सी.सी. टी.वी. कैमरों की मदद से अपराध को नियंत्रित करने में आसानी हो रही है। उन्होंने इस मौके पर कैमरों के इंस्टालेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ऑनलाईन कम्प्यूटर के संचालक मनोज शर्मा को भी सम्मानित किया। जांजगीर-चांपा के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने मिशन सिक्योर सिटी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पहल नगर की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। एआई तकनीक से लैस ये कैमरे सामान्य कैमरों की तुलना में अधिक प्रभावशाली और मानव तथा वाहनों को उनकी श्रेणियों के अनुसार पहचान सकते हैं। साथ ही इनमें संदिग्ध गतिविधियों को पहचानने, अनावश्यक भीड़-भाड़ की निगरानी, चेहरा पहचानने की क्षमता जैसे अत्याधुनिक फीचर्स भी शामिल है। इससे अपराधियों की पहचान आसान होगी और उनकी समय रहते धर-पकड़ भी संभव हो सकेगी। इस व्यवस्था से न केवल अपराध की घटनाओं पर नजर रखी जा सकेगी बल्कि संभावित अपराध को भी रोका जा सकेगा। एस.पी. ने कहा कि यह कदम जनता और पुलिस के बीच विश्वास को और भी मजबूत करेगा। इसके पूर्व पुलिस थाना पहुँचने पर पुलिस के सशस्त्र बल द्वारा आई.जी. को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पश्चात उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर तथा फीता काटकर सी.सी. टी.वी. कैमरों का शुभारंभ किया। आई.जी. ने इस मौके पर कैमरों की स्थापना में सहयोग करने वाले नगर के विभिन्न संगठनों तथा नागरिकों का सम्मान प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया। इनमें सराफा व्यापारी संघ, चांपा सेवा संस्थान, अजय बंसल, डी.बी. वेंचर्स के धीरेन्द्र बाजपेयी, लक्ष्मीचंद देवांगन, सोनू खुल्लर, प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के उदय सिंह, सुन्नी मुस्लिम समाज, एन.के.एच. हॉस्पिटल, परिवहन संघ, मारवाड़ी युवा मंच, राजीव नयन शुक्ला, डॉ. जी.के. नायक, ओमप्रकाश थवाईत तथा विभिन्न नागरिकों और संगठनों को सम्मानित किया। पुलिस कर्मियों को कैमरे की मॉनिटरिंग के लिए प्रशिक्षण दिया गया है जिसके लिए थाना परिसर में ही कमाण्ड तथा कंट्रोल रूम बनाया गया है जहां से पूरे शहर की निगरानी होगी। इस मौके पर प्रेस क्लब चांपा द्वारा आई जी डॉ. संजीव शुक्ला सहित पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय सहित अन्य पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप तथा अंत में आभार प्रदर्शन एस.पी. विजय पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर छ.ग. राज्य उर्दू अकादमी के पूर्व अध्यक्ष सलीम मेमन, चांपा सेवा संस्थान के अध्यक्ष मनोज मित्तल, पालिका उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह खटकर, पुरूषोत्तम शर्मा, सत्यनारायण सोनी, रामवल्लभ सोनी, रमेश सोनी, राजेश सोनी, सुनील साधवानी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत, गिरीश मोदी, पार्षद संजय सोनी, जिला कांग्रेस के प्रवक्ता नागेन्द्र गुप्ता, टीकम कंसारी, राज अग्रवाल, रितेश शर्मा, गोपी बरेठ, प्रकाश अग्रवाल, विशाल केडिया, अमरजीत सिंह सलूजा (बंटी) के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएँ व नागरिकगण मौजूद थे।



फीता काटकर सी.सी.टी.वी. का शुभारंभ करते आई.जी.।





संस्कृत विश्वविद्यालय उज्जैन के पूर्व कुलपति का सम्मान करते राजेश्री महंत रामसुंदर दास।

# विद्या प्राप्ति के लिए धैर्य एवं लगन जरुरी : त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

■ महर्षि पाणिनि वैदिक संस्कृत विश्वविद्यालय उज्जैन के पूर्व कुलपति ने किया भगवान शिवरीनारायण का दर्शन, राजेश्री ने किया सम्मान

महर्षि पाणिनि वैदिक संस्कृत विश्वविद्यालय उज्जैन के पूर्व कुलपति मिथिला प्रसाद त्रिपाठी भगवान शिवरीनारायण का दर्शन करने के लिए शिवरीनारायण पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान का दर्शन पूजन करके खरौद पहुंचकर भगवान लक्ष्मणेश्वर महादेव का भी दर्शन पूजन किया।

इस बीच श्री महन्त लाल दास कला एवं विज्ञान महाविद्यालय शिवरीनारायण में उनके सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के द्वारा उनका सम्मान शाल, श्रीफल भेंट करके किया। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने उन्हें अपनी रचनाएं श्री राम संस्कृति की झलक, सुखद -सफल जीवन सूत्रम तथा स्मृति ग्रंथ श्री दूधाधारी मठ एक परिचय भेंट किया। विद्यालय में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए पूर्व कुलपति ने कहा जीवन में रास्ते धीरे-धीरे तय होते हैं, शास्त्र धीरे-धीरे याद होता है, पर्वत धीरे-धीरे लांघ लिए जाते हैं। विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति में धैर्य एवं लगन की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में प्रत्येक विषयों का अलग-अलग महत्व है चाहे वह गणित हो, इतिहास हो, अर्थशास्त्र हो या ललित कला ही क्यों ना हो सभी हमारे जीवन को आनंदित करने वाले हैं। जो शब्द को जान गया वह वाक्य को जान जायेगा, जो वाक्य को जान गया वह उसके अभिप्राय को भी जान जाएंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित राम किशोर मिश्र रायपुर ने विद्यार्थियों के पांच लक्षणों की विस्तृत व्याख्या की और यह भी कहा कि आधुनिक युग में विद्यार्थी दूसरों के माता-पिता का पैर छूते हैं, उनका सम्मान करते हैं लेकिन अपने माता-पिता के सम्मान के समय रूखा व्यवहार करते हैं। इसके पूर्व महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त महाराज ने महाविद्यालय की स्थापना काल की चर्चा करते हुए बताया कि इस विद्यालय का शुभारंभ 26 छात्र-छात्राओं से हुआ था जो आज विशाल वृक्ष के रूप में हम सबके सामने हैं। कार्यक्रम का संचालन योगेश शर्मा तथा आभार प्रदर्शन पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर विशेष रुप से बृजेश केसरवानी, निरंजन लाल अग्रवाल, भागवत कथा वाचिका सविता मिश्रा, सुबोध शुक्ला, उदयराम केंवट, सुखराम दास, प्राचार्य श्री पटेल, श्री कश्यप, मिडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक तथा विद्यालय परिवार के लोग उपस्थित थे।



उपस्थित यादव समाज के लोग।

# वर्षभर होने वाले विविध आयोजनों की यादव समाज ने तैयार की रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ यादव समाज जिला इकाई का हुआ पुर्नगठन

यादव समाज द्वारा जिला इकाई का पुर्नगठन करते हुए वर्ष भर होने वाले विविध आयोजनों की रूप रेखा तय की गई है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विनोद गोपाल द्वारा समाज के वरिष्ठ जनो की सहमति एवं समन्वय से जिला, ब्लॉक एवं नगर अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों की घोषणा की गई है ।

बैठक में डॉ सुरेश यादव, कृपा शंकर यादव, दीपक कुमार यादव, चंद्र प्रकाश यादव, नपा उपाध्यक्ष मोहन यादव , राम प्रसाद यादव , पार्षद विष्णु यादव सहित समाज के वरिष्ठ, युवा सदस्य उपस्थित रहे, जिसमें राउत नाच महोत्सव संयोजक अमित यादव पूर्व पार्षद सहसंयोजक नंदू यादव अधिवक्ता,महासभा संयोजक हितेश यादव पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका,सहसंयोजक मोहन यादव उपाध्यक्ष नपा, गोवर्धन पर्वत पूजा संयोजक योगेश गोपाल, सह संयोजक श्याम यादव सोनू बनाये गए हैं ! जिला उपाध्यक्ष शहरी मोहन यादव एवम अजय यादव ,ग्रामीण सदन यादव,महा सचिव डॉ नीलसागर यादव,सचिव मितेश यादव, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र यादवसंतोष यादव जिला सह सचिव बनाये गए। युवा विंग में प्रदेश महामंत्री विष्णु यादव, जनपद सदस्य डंकेश्वर यादव को जिलाध्यक्ष, सोनू यादव, विनोद यादव,सतीश यादव बलौदा,बहादुर यादव चांपा को उपाध्यक्ष, दुष्यंत यादव को महासचिव, सतीश यादव को कोषाध्यक्ष, राहुल यादव को सहसचिव, पवन यादव बूची हरदी उपाध्यक्ष, प्रशान्त यादव को सचिव बनाया गया है। राहुल यादव को नगर अध्यक्ष बनाया गया है ।

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष के प्रयास से 4 करोड़ 67 लाख की लागत से बनेगा नालंदा परिसर

**जांजगीर-चांपा।** छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल के सतत प्रयासों व अनुशंसा से जांजगीर-चाम्पा जिला के जिला मुख्यालय जांजगीर में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय निकाय विभाग द्वारा 4 करोड़ 67 लाख रूपये की लागत से नालंदा परिसर (लाईब्रेरी) का निर्माण किया जायेगा। इस स्वीकृति का विधिवत आदेश प्रदेश सरकार के नगरीय निकाय विभाग द्वारा प्राप्त हुआ है। यह पूरे जिले के लिये एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।



विगत एक वर्ष से छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने अनेको बार प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी से मिलकर जांजगीर नगर में एक बड़ी पुस्तकालय (लाईब्रेरी) की आवश्यकता बताते हुये यहां शीघ्र ही पर्याप्त राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया था। विगत दिनों अपने जांजगीर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे शीघ्र ही स्वीकृत करने का आश्वासन दिया था, अब इसे पूरा किये जाने का आदेश शासन द्वारा प्राप्त हो गया है। नगर, अंचल व जिले के साहित्यकारों, पत्रकारों, छात्र-छात्राओं, समाज के प्रबुद्धजनों, क्षेत्र व अंचल के जनप्रतिनिधियों एवं सभी वर्ग के लोगों ने जिला मुख्यालय जांजगीर में नालंदा परिसर का निर्माण किये जाने हेतु जो स्वीकृति प्राप्त हुई है उसका सभी लोगों ने स्वागत एवं अभिनंदन किया है। अनेक वर्षों से यहां पर सुसज्जित एवं सुव्यवस्थित लाईब्रेरी प्रारंभ किये जाने की मांग अंचल व जिले के नागरिक कर रहे थे। यह इस अंचल के प्रबुद्ध नागरिकों व छात्र-छात्राओं की बहुत पुरानी मांग थी, अब शीघ्र ही नालंदा परिसर का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

### वरिष्ठ नागरिक मंच की हुई बैठक, किया सम्मानित

# समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बने वरिष्ठ नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक कुंवर भुवन भास्कर सिंह शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थित कार्यालय भवन में विधिवत सरस्वती पूजन व वंदन के साथ प्रारंभ हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह चौहान ने वरिष्ठ नागरिक मंच के इतिहास पर संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह एक गैर राजनीतिक मंच है। ढलती उम्र में वरिष्ठ नागरिकों को एक ऐसे वातावरण की जरूरत होती है जिसमें वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्रिय रहते हुए समाज एवं आने वाली पीढ़ी को अपने अनुभव एवं ज्ञान के आधार पर मार्गदर्शन करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बने। वरिष्ठ नागरिक मंच नगर एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए ऐसा ही प्रयास करते आ रही है। छत्तीसगढ़ चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय केडिया ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक मंच विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करती है जिसमें वरिष्ठ नागरिक स्वस्थ एवं प्रसन्न रहते हैं साथ ही समाज को भी सकारात्मक संदेश देते हैं। बैठक के दौरान नगर के वयोवृद्ध 93 वर्ष पूर्ण कर चुके मोहम्मद इस्माइल का शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया साथ ही 75 वर्ष पूर्ण करने वाले सदस्य धारी सिंह , जुलाई माह में जन्मतिथि वाले सदस्यगण विजय केडिया, लखन लाल भुवने, महेश बनाकर, जयकुमार अग्रवाल, विजय सिंघानिया, लखेश्वर सिंह दीक्षित, सभी को जन्मदिन की शुभकामनाएं एवं बधाइयां देते हुए शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस दौरान विजय सिंघानिया ने मंच को माइक सेट प्रदान करने की घोषणा की। आर सी मिश्र के द्वारा एकल अभिनय प्रस्तुत कर सदस्यों का मनोरंजन किया गया। आगामी बैठक पन्द्रह अगस्त के संदर्भ में चर्चा हुई। कार्यक्रम में आर सी मिश्र, रामेन्द्र सिंह चौहान, मोहम्मद इस्माइल, विजय केडिया, विजय सिंघानिया, रामभरोस कैवर्त, दशरथ नामदेव, घनश्याम राजवाड़े, जय कुमार अग्रवाल, धारी सिंह, भरत सिंह चंदेल, लखन लाल भुवने, महेश बनाकर, लखेश्वर सिंह दीक्षित, बजरंग लाल जायसवाल, टी आर देवांगन,दरस राम यादव सहित सदस्य गण उपस्थित रहे।



शाला श्रीफल देकर सम्मानित करते वरिष्ठ नागरिक मंच के पदाधिकारी।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
• 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
• बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
• बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
24/7
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
• पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
• महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
• आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
• बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
• मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
• आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
• डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
• नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
• कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
• चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
• आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
• दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
• बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
• हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
• सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
• शोल्डर और बाजू की सर्जरी
• कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
• हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
• बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
• नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
• निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थायरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# बंगाली फिल्म बक्शो बोंडी से होगा मेलबर्न महोत्सव का उद्घाटन

**मुंबई।** अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम की बंगाली फिल्म 'बक्शो बोंडी' भारतीय फिल्म महोत्सव मेलबर्न (आईएफएफएम) के 2025 संस्करण की उद्घाटन फिल्म होगी। फिल्म के सह-निर्माता शोम और जिम सरभ हैं। फिल्म का आधिकारिक ऑस्ट्रेलियाई प्रीमियर 14 अगस्त को होगा। फिल्म में तिलोत्तमा शोम ने अदाकारी की है। फिल्म के निर्देशक सौम्यानंद साही हैं। फिल्म की कहानी कोलकाता के एक उपनगर पर आधारित है। फिल्म की कहानी एक कामकाजी महिला के आसपास घूमती है। अंग्रेजी में 'शैडोबॉक्स' नाम की इस फिल्म का विश्व प्रीमियर 75वें बर्लिन अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था। अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम ने कहा बक्शो बोंडी मेरे दिल के बेहद करीब है।

लाइफ Style

# प्रियंका
## अपने दम पर बॉलीवुड में कमाया नाम



उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर बरेली से निकलीं प्रियंका चोपड़ा अब एक इंटरनेशनल स्टार बन गई हैं। मॉडलिंग, फिर मिस वर्ल्ड का खिताब, उसके बाद बॉलीवुड में डेब्यू और फिर इंडस्ट्री की टॉप एक्ट्रेस और कई अवॉर्ड्स। उसके बाद सीधे टिकट टू हॉलीवुड। किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है प्रियंका चोपड़ा की असल जिंदगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

प्रियंका ने शुक्रवार को अपना 43वां जन्मदिन मनाया। प्रियंका चोपड़ा की बॉलीवुड में शुरुआत साल 2000 में मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद हुई। प्रियंका ने साल 2003 में आई फिल्म 'द हीरोः लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई'से की। इसमें उनके साथ सनी देओल और प्रीति जिंटा जैसे स्टार भी शामिल थे। इसके बाद इसी साल प्रियंका अक्षय कुमार और लारा दत्ता के साथ फिल्म 'अंदाज' में नजर आईं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और प्रियंका इंडस्ट्री की नजरों में आ गईं। उसके बाद साल 2004 में प्रियंका सलमान खान-अक्षय कुमार के साथ फिल्म मुझसे शादी करोगी जैसी एक और सफल फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस आईं।

इसी साल प्रियंका ऐतराज में निगेटिव रोल में नजर आईं और अवॉर्ड भी जीता। इसके बाद प्रियंका इंडस्ट्री में पूरी तरह से स्थापित हो गईं। बॉलीवुड में सफलता पाने के बाद और हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस बनने के बाद प्रियंका ने रुख किया हॉलीवुड का। साल 2015 में वो पहली बार अमेरिकन टीवी सीरीज क्वांटिको में नजर आईं। इस सीरीज के दो सीजन आए दोनों में प्रियंका नजर आईं और उनके काम की तारीफ भी हुई और उन्हें अवॉर्ड भी मिले। इसके बाद साल 2017 में वो हॉलीवुड की एक्शन-कॉमेडी फिल्म बेवॉच में नजर आईं।

हॉलीवुड मसाला




# मोर्टल कॉम्बैट 2 का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** वार्नर ब्रदर्स ने मॉर्टल कॉम्बैट 2 का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो मशहूर वीडियो गेम सीरीज पर आधारित है। यह फिल्म 24 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। तीन घंटों के अंदर फिल्म के ट्रेलर को यूट्यूब पर 80 हजार से ज्यादा के व्यूज मिल चुके हैं। ट्रेलर में लॉर्ड रैडेन जॉनी केज को मॉर्टल कॉम्बैट टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए बुलाते हैं। इसमें किटाना, शाओ खान, लियू कांग, जैक्स और बाराका जैसे किरदार दिखते हैं। यह फिल्म पहले की तुलना में ज्यादा हास्यपूर्ण और रोमांचक है, जो जॉनी केज के मजेदार स्वभाव के कारण और आकर्षक लगती है।



# हूज सॉरी नाउ गाने से हुई कॅरियर की शुरुआत

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी संगीत जगत की एक चमकती हुई आवाज हमेशा के लिए खामोश हो गई है। स्टूपिड क्यूपिड, प्रिटी लिटिल बेबी और हूज सॉरी नाउ? जैसे हिट गानों से करोड़ों दिलों पर राज करने वाली मशहूर गायिका कोनी फ्रांसिस का 87 साल की उम्र में निधन हो गया है। कोनी फ्रांसिस का सिंगिंग कॅरियर 1957 से 1964 तक अपने सुनहरे दौर में था। उस समय जब रॉक एन रोल म्यूजिक का क्रेज तेजी से बढ़ रहा था, तब कोनी ने अपनी मधुर और दिल को छू लेने वाली आवाज से फैंस के दिलों में खास जगह बना ली। वो उस समय की पहली सफल महिला गायिकाओं में से एक थीं, जिनके गाने लगातार टॉप म्यूजिक चार्ट्स में बने रहते थे। उनके कॅरियर की शुरुआत 'हूज सॉरी नाउ?' जैसे सुपरहिट गाने से हुई, जो रातोंरात वायरल हो गया था। इसके बाद 'द हार्ट हेज ए माइंड ऑफ इट्स ओन' और 'डोन्ट ब्रेक द हार्ट डेट लव्स यू' जैसे गानों ने उनकी पहचान को और मजबूत किया। उनकी गायकी की खासियत थी उसमें छुपे इमोशन्स और दर्द, जो हर पीढ़ी के दर्शकों को आकर्षित करती रही।



# पसंद आई प्यार और जुनून की कहानी

**मुंबई।** मोहित सूरी की फिल्म सैयारा शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। आशिकी 2 और एक विलेन जैसी यादगार सुपरहिट लव स्टोरी देने वाले मोहित सूरी इस बार एक नई प्रेम कहानी के साथ लौटे हैं। फिल्म में इश्क, जुनून, दर्द और तड़प की कहानी को दिखाया गया है। सैयारा पूरी तरह से एक रोमांटिक-लव स्टोरी है। फिल्म के गाने पहले से ही सुपरहिट हो चुके हैं। सैयारा देखकर लौटे अधिकांश लोग फिल्म से संतुष्ट नजर आ रहे हैं और फिल्म की तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि इस फिल्म ने मुझे रुलाया और मुझे प्यार और भरोसे पर फिर से यकीन करना सिखाया है। यह एक शानदार इमोशनल फिल्म है। सिनेमाहॉल से एक वीडियो भी सामने आ रहा है, जिसमें एक शख्स फिल्म देखकर काफी भावुक हो गया और रोने लगा।



# देश को बचाने निकली हिम्मत सिंह की सेना

**मुंबई।** लोगों का इंतजार खत्म हुआ और हिम्मत सिंह एक बार फिर देश को बचाने के लिए हाजिर हो गए हैं। केके मेनन स्टारर स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज हो चुका है। रिलीज होते ही स्पेशल ऑप्स 2 सुर्खियों में भी आ गया है और सोशल मीडिया पर लोग शो की कहानी से लेकर लोगों के अभिनय तक की तारीफ कर रहे हैं। स्पेशल ऑप्स के इस नए सीजन में एआई के बढ़ते इस्तेमाल से होने वाले खतरों के बारे में दिखाया गया है। कैसे एआई देश के लिए और लोगों के लिए खतरा हो सकता है। इस बार की कहानी देश के टॉप एआई साइंटिस्ट डॉ. पीयूष भार्गव के अपहरण और हिम्मत सिंह की टीम को उन्हें ढूंढने पर आधारित है। डॉ. पीयूष भार्गव ऐसे सीक्रेट्स जानते हैं जो देश की सुरक्षा के लिए बेहद अहम हैं। ऐसे में रॉ की टीम उन्हें ढूंढने में लग जाती है।

टीवी मसाला




# दयाबेन बनकर दिशा ने हमेशा हंसाया है सबको

नई दिल्ली। तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में दया बेन यानी दिशा वकाणी काफी समय से गायब हैं। फैंस दिशा को दयाबेन के रूप में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि बीच में कई बार ऐसी खबर आई कि दिशा की जगह अब नई दयाबेन आएगी, लेकिन फिर ये खबरें बंद हो जाती हैं। अब शो में सोनू का किरदार निभा चुकीं निधि भानुशाली ने दया बेन को लेकर बात की। निधि से पूछा गया कि क्या वह दिशा को तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में देखना चाहते हैं? इस पर निधि बोलती हैं कि यह फैसला दिशा को ही लेना पड़ेगा और जो भी उनका फैसला हो दर्शकों को उनके फैसले की रिस्पेक्ट करनी चाहिए। निधि ने कहा, 'मुझे सच में लगता है कि हम में से कोई फैसला ले सकता है। यह उनकी लाइफ है, उनकी जर्नी है और सिर्फ उन्हें हक है वह क्या करना चाहती हैं।' निधि ने आगे कहा, 'बतौर दर्शक हम सब चाहते हैं कि दिशा कमबैक करें, लेकिन हमें उनके हर फैसले की रिस्पेक्ट करनी चाहिए। उन्होंने अपनी मौजूदगी में हमेशा हमें हंसाया है।'

## नजर आएगी विवयन और दीपिका की जोड़ी

**नई दिल्ली।** कलर्स टीवी का चेहरा रह चुके विवियन डीसेना और दीपिका कक्कड़ के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। बिग बॉस के घर में नजर आ चुके ये एक्टर्स जल्द ही एक नए प्रोजेक्ट में साथ नजर आएंगे। विवियन और दीपिका का ये प्रोजेक्ट ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन हाउस के तहत बनेगा। इस शो से दोनों टीवी एक्टर्स की छोटे पर्दे पर वापसी होगी। विवियन और दीपिका के इस सीरियल की शूटिंग साल 2026 में शुरू होगी। दीपिका कक्कड़ की बात करें तो आखिरी बार उन्हें सिलेब्रिटी मास्टर शेफ्स में देखा गया था। इसके बाद उन्हें कैंसर हो गया था। कैंसर की वजह से दीपिका कक्कड़ ने टीवी की दुनिया से दूरी बना ली थी। हाल ही में दीपिका की सर्जरी हुई थी। विवयन डीसेना की बात करें तो वो बिग बॉस 18 के घर में नजर आ चुके हैं। विवियन डीसेना कलर्स टीवी के शो मधुबाला, शक्ति और सिर्फ तुम जैसे हिट शोज में भी नजर आ चुके हैं। ड्रीमियाता एंटरटेनमेंट टीवी इंडस्ट्री के सबसे चर्चित प्रोडक्शन हाउस में से एक है। विवियन और दीपिका के शो की कहानी या नाम को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



# हॉलीवुड नहीं, बॉलीवुड में बनी थी पहली सुपरमैन

**मुंबई।** जब भी हम सुपरहीरो फिल्मों की बात करते हैं, तो सबसे पहले मन में हॉलीवुड की फिल्मों का नाम आता है। जैसे - स्पाइडरमैन, बैटमैन या फिर सुपरमैन। खासकर सुपरमैन, जो 1978 में आई हॉलीवुड फिल्म से पूरी दुनिया में मशहूर हुआ था, जिसमें क्रिस्टोफर रीव ने सुपरमैन वाले किरदार को निभाया था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि भारत ने इस फिल्म से भी 18 साल पहले ही सुपरमैन की फिल्म बना दी थी?




## हॉलीवुड से भी पहले भारत ने सुपरमैन फिल्म बना दी थी

भारत ने हॉलीवुड की फिल्म सुपरमैन जो 1978 में आई थी, उससे भी 18 साल पहले ही सुपरमैन पर फिल्म बना दी थी और इससे भी ज्यादा हैरानी की बात ये है कि उस फिल्म में सुपरमैन बनी थीं एक फीमेल एक्ट्रेस और वो थीं निरूपा रॉय, जिन्हें बाद में मां के रोल के लिए पहचाना जाने लगा। साल 1960 में आई इस फिल्म की कहानी और स्टाइल पूरी तरह से सुपरहीरो बेस्ड थी, जिसमें उड़ने वाले सीन्स, ताकतवर हीरोइन और क्राइम से लड़ाई दिखाई गई। इस फिल्म में सबसे दिलचस्प बात ये थी कि इसमें निरूपा रॉय ने सुपरमैन जैसी भूमिका निभाई थी। उस दौर में एक एक्ट्रेस को इतने दमदार और सुपरमैन जैसे किरदार में दिखाना एक बड़ी बात थी।

## इंडियन 'सुपरमैन' बनने के साथ बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

आपने कई फीमेल सुपरहीरो देखे होंगे, जैसे मार्वल की कैप्टन मार्वल, इलेक्ट्रा और ब्लैक विडो। डीसी ने भी कैटवुमन जैसी दमदार फीमेल सुपरहीरो पर फिल्में बनाई हैं। लेकिन, ऐसा दुनिया में पहली और अभी तक आखिरी बार हुआ है कि कोई महिला 'सुपरमैन' बनकर आई थी वो भी 1960 की बॉलीवुड फिल्म में। ऐसा अभी तक नहीं हुआ कि सुपरमैन का किरदार किसी महिला ने निभाया हो। ऐसा करने वाली निरूपा रॉय दुनिया की पहले एक्ट्रेस बन चुकी हैं।

# फिल्म की कहानी पर भारी पड़ा किरीती का डांस




**मुंबई।** राधाकृष्ण रेड्डी के निर्देशन में बनी फिल्म जूनियर 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की तरफ से बहुत अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली। यह कर्नाटक के पूर्व मंत्री गली जनार्दन रेड्डी के बेटे किरीती रेड्डी की पहली फिल्म है। इसमें श्रीलीला और जेनेलिया देशमुख अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'जूनियर' में अभि नाम के एक युवक की कहानी है, जो विजय सौजन्या के अधीन काम करता है। उसे जल्द ही जेनेलिया और उसके पिता के अतीत के बारे में कुछ चौंकाने वाली बातें पता चलती हैं। वह इन बातों की खोज करता है जो उसके पिता के साथ उसके रिश्ते को बदल सकते हैं। फिल्म 'जूनियर' के प्रमोशन के दौरान, किरीती जूनियर एनटीआर के प्रति अपने प्यार का खुलकर इजहार करते रहे हैं। ऐसे में एक यूजर ने कहा है किरीती के डांस मूव्स युवा एनटीआर जितने ही बेहतरीन हैं। यूजर ने एक्स पर लिखा 'डांस मूव्स और बॉडी फ्लेक्सिबिलिटी ऐसा लग रहा है जैसे मैं टाइगर को देख रहा हूं। सच में।' एक एक्स यूजर ने लिखा है 'नए कलाकार के रूप में किरीती एक शोस्टॉपर हैं! उनके डांस की बेजोड़ ऊर्जा ने पर्दे पर चार चांद लगा दिए। जंग वाले दृश्यों में उनकी उपस्थिति अच्छी थी। उनके अभिनय में सहजता बेहद मनमोहक है। इस शानदार शुरुआत के साथ, उनका भविष्य उज्ज्वल है।

## कानन देवी की कहानी है साहस, कला और समर्पण का एक उदाहरण

# भारत की पहली लेडी सुपरस्टार, लेकिन रिश्तेदारों के घर में नौकरानी का काम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आज भारतीय सिनेमा में कई महिलाएं प्रमुख अभिनेताओं के बराबर चमक रही हैं। वे अभिनय के अलावा निर्माता, गायक के रूप में भी अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं। लेकिन, भारत की आजादी से पहले ही भारतीय सिनेमा की पहली 'लेडी सुपरस्टार' ने यह सब कर दिखाया था। वह हैं बंगाली सिनेमा की पहली सुपरस्टार कानन देवी। मेलोडी क्वीन के नाम से मशहूर कानन देवी एक बेहतरीन अभिनेत्री, गायिका और फिल्म निर्माता थीं। उनकी मधुर आवाज, भावनात्मक अभिनय और साहसी व्यक्तित्व ने उन्हें दर्शकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी. हालांकि, कनन देवी का शुरुआती जीवन इतना आसान नहीं था।



## जयदेव थी पहली फिल्म

*पश्चिम बंगाल के हावड़ा में 22 अप्रैल 1916 को जन्मी कानन देवी गरीबी में पली-बढ़ीं। उनके बचपन का अधिकांश समय गरीबी में बीता। उनके पिता की मृत्यु के बाद, वह अपने रिश्तेदारों के घर में नौकरानी का काम करने लगीं। 10 साल की उम्र में, एक दोस्त की मदद से उन्हें मूक फिल्मों में काम करने का मौका मिला। 1926 में रिलीज हुई जयदेव उनकी पहली फिल्म थी, जिसमें उन्हें केवल पांच रुपए का वेतन मिला। यही उनके सिनेमा कॅरियर की शुरुआत थी।*

## अभिनय के साथ गाने भी गाए

*बाद में, उन्होंने बोलती फिल्मों में भी काम किया और अपनी पहचान बनाई। जोरभारत (1931), मां (1934), मनमय गर्ल्स स्कूल (1935) जैसी फिल्मों में अभिनय किया। मुक्ति (1937) और विद्यापति (1937) की सफलता ने उन्हें सुपरस्टार का दर्जा दिलाया। इनमें उन्होंने न केवल अभिनय किया, बल्कि अपनी मधुर आवाज से गाने भी गाए और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी लोकप्रियता बढ़ती गई और एक समय ऐसा आया जब उन्हें भीड़ से बचाने के लिए सुरक्षा दी गई।*

## खुद की प्रोडक्शन कंपनी में बनाईं फिल्में

उस समय में ही उन्होंने श्रीमती पिक्चर्स नाम से अपनी खुद की प्रोडक्शन कंपनी शुरू की और फिल्में बनाईं। इसी तरह, सव्यसाची कलेक्टिव नामक कंपनी भी शुरू की और बंगाली साहित्य पर आधारित फिल्में बनाईं, जिससे वह भारत की पहली महिला फिल्म निर्माता बनीं।

## दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से किया सम्मानित

उस समय में एक महिला का फिल्म में अभिनय करना और फिल्में बनाना आसान नहीं था। इसलिए, इसे एक क्रांति के रूप में देखा गया। कानन देवी ने अपनी फिल्मों के माध्यम से समाज में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने की कोशिश की। तीन दशकों तक सिनेमा में सक्रिय रहीं और लेडी सुपरस्टार के रूप में जानी गईं। 1968 में उन्हें पद्मश्री और 1976 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## वैवाहिक जीवन में कठिनाइयों का किया सामना

सिनेमा में स्टार होने के बावजूद, कानन देवी ने अपनी वैवाहिक जीवन में कुछ कठिनाइयों का सामना किया। उन्होंने दो शादियां कीं। पहली शादी ब्रह्म समाज के प्रसिद्ध विद्वान हरंबा चंद्र मैत्रा के बेटे अशोक मैत्रा से की। इस शादी का कड़ा विरोध हुआ। एक महिला के रूप में फिल्मों में काम करने के कारण उनकी शादी का विरोध हुआ। हालांकि, पहली शादी पांच साल में ही टूट गई। इसके बाद, कानन देवी ने दूसरी शादी हरेंद्रनाथ चक्रवर्ती से की। उनके एक बेटा हुआ। हालांकि, पहली शादी के संकट से उबरने में कानन देवी को काफी समय लगा। इसी बीच, 1992 में उनका निधन हो गया। लेकिन, गरीबी से उठकर सिनेमा में प्रवेश कर, जो कोई भी महिला नहीं कर पाई, वह सब कर दिखाने वाली कानन देवी की कहानी साहस, कला और समर्पण का एक उदाहरण है।

खबर संक्षेप

## बिजली बिल वृद्धि के विरोध में मंडल कार्यालय का घेराव कर सौंपा ज्ञापन



**मालखरौदा।** प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर पूरे प्रदेश में बिजली बिल की यूनिट में बढ़ोतरी करने के विरोध में मालखरौदा कांग्रेस के द्वारा बिजली ऑफिस का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद मिशन चौक मालखरौदा में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर ईडी द्वारा ले जाने के विरोध में ईडी एवं भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुसुम लता, प्रदेश सचिव सुरेंद्र भार्गव, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह, महामंत्री अयोध्या भारद्वाज, सचिव राम लखन, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अभिषेक स्वर्णकार, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष प्रताप चंद्र, लच्छी यादव, खगेश्वर चंद्र, रामकुमार यादव, पुरुषोत्तम साहू, केशव चंद्र, ज्योतिष गर्ग, आनंद चंद्र, रुपेश, विजय, सुरेश, लखेश्वरी, सीताबाई, श्रीमती साहू, विषम भारती, तारकेश्वर, हेम यादव, परमानंद, गजराज, रमेश चंद्र कुमार रोहित साहू, श्रीमती पूर्णिमा खूंटे, जिला पंचायत सदस्य बिहारी धिरहे , लकेश्वर महंत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने सभी विभागों को पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने सभी विभागीय अधिकारियो को सेवानिवृत और मृत शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री तोपनो द्वारा अवगत कराया गया है कि जिले में संयुक्त संचालक कोष, लेखा पेंशन से स्वीकृत 18 प्रकरण, आपत्ति शुदा 16 प्रकरण एवं माह जुलाई अगस्त में सेवानिवृत होने वाले 10 कर्मचारी हैं। स्वीकृति प्राप्त 18 प्रकरणों में आवश्यक जानकारी आनलाईन अपलोड कर कोषालय में भेजने एवं आपत्ति शुदा प्रकरणों में आपत्ति निराकरण कर संयुक्त संचालक कोष, लेखा, एवं पेंशन बिलासपुर संभाग को प्रेषित करने, साथ ही माह जुलाई अगस्त में सेवा निवृत होने वाले शासकीय सेवको के पेंशन स्वीकृति हेतु प्रकरण पेंशन कार्यालय बिलासपुर को भेजने के निर्देश दिये। कलेक्टर महोदय द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि लंबित प्रकरणों के निराकरण की संवीक्षा अब प्रत्येक सप्ताह समय सीमा की बैठक में नियमित रूप से की जायेगी। इस लिए सभी कार्यालय प्रमुख पेंशन प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से करें ताकि शासकीय सेवकों को सेवा निवृति उपरान्त आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े।



## एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के निबंध में अभिजित प्रथम

**खरौद।** एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता में नगर के अभिजित शर्मा अपने वर्ग में चौंथी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर पुरस्कृत हुए हैं। अभिजित रायपुर एयरपोर्ट में सहायक महाप्रबंधक के रूप में पदस्थ हैं। उन्हें कार्यपालक निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र एयरपोर्ट डायरेक्टर द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने यह उपलब्धि हासिल कर नगर को गौरवान्वित किया है। अभिजित ने शालेय शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर, शिवरीनारायण से प्राप्त की है।वे खरौद के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुबोध शुक्ला के भांजे हैं।



## विद्यार्थी विज्ञान मंथन के जिला समन्वयक बने जायसवाल

**चांपा।** विद्यार्थी विज्ञान मंथन के राज्य समन्वयक शरद कौशिक की अनुशंसा पर राजेन्द्र जायसवाल राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक चांपा को जिला जांजगीर-चांपा का जिला समन्वयक बनाया गया। जो कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक संस्था और राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन के सहयोग से संचालित है। विद्यार्थी विज्ञान मंथन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करना और उन्हें विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के योगदान के बारे में शिक्षित करना है। यह कार्यक्रम छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के प्रेरित करता है। इसके अतिरिक्त, यह कार्यक्रम छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने, वैज्ञानिक सोच वाले छात्रों की पहचान करने और उन्हें प्रोत्साहित करने का कार्य करता है। प्रतिभाशाली छात्राओं की पहचान करना उन्हें आगे बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना। राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मान्यता देना और उन्हें पुरस्कृत करना। जल्द ही जिला समन्वयक के द्वारा नगर समन्वयक,ब्लॉक समन्वयक, तहसील समन्वयक का विस्तार किया जाएगा। जिला समन्वयक बनने पर प्रांतीय मंत्री भुवनेश्वर देवांगन, अध्यक्ष धन्य कुमार पाण्डेय, हरिराम जायसवाल, रविन्द्र द्विवेदी,श्रीमती हेमलता शर्मा, विजय थवाईत, अभिषेक काल्विन एवं कर्मचारियों एवं नागरिको में हर्ष व्याप्त है।



स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के पालक आंदोलन की कर रहे तैयारी

# शिक्षा सत्र के माहभर गुजर जाने के बाद भी एक भी शिक्षक की नहीं हुई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालखरौदा

एक महीना बाद भी मालखरौदा के इग्नाइट इंग्लिश मीडियम प्राथमिक शाला तथा हिंदी माध्यम पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षक की व्यवस्था जिम्मेदार विभाग नहीं कर पाया है। अब स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के पालक आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

गौरतलब है कि ब्लॉक मुख्यालय में इग्नाइट अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई पैटर्न पर संचालित प्राथमिक शाला में वर्तमान में 44 बच्चे दर्ज है। यह स्कूल पूर्ववर्ती भाजपा के डॉक्टर रमन सिह पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष के कार्यकाल में खोला गया था। वर्तमान 2025- 26 के वित्तीय सत्र में स्कूल खुले 1 माह हो गया है अभी तक जिला प्रशासन शिक्षक का व्यवस्था नहीं कर पाया है, जिसके चलते बच्चे पास के ही हिंदी माध्यम स्कूल में एक ही कक्षा में बैठकर पढ़ने को मजबूर है। लंबे समय से यहां पदस्थ शिक्षक अंजु जयसवाल को अभी भी शक्ति में अटैच में रखा गया है जबकि युक्ति युक्त करण में शासन ने अटैचमेंट समाप्त कर दिया है बावजूद उन्हें मूल पदस्थापना स्थल पर नहीं भेजा गया है। ऐसे में जिला प्रशासन एवं सरकार की खूब किरकिरी हो रही है जो क्षेत्र में चर्चा का विषय है। साथ ही स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के पालक लंबे आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता रमेश विश्वकर्मा का कहना है सरकार केवल युक्तिकरण में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था होने की बात कह केवल ढिढोरा पिट रही है, जबकि जमीनी सच्चाई मालखरोदा ब्लॉक मुख्यालय के इग्नाइट इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हिंदी माध्यम स्कूल में पहुंच कर देखा जा सकता है, जहां एक माह गुजर जाने के बाद भी एक भी शिक्षक की व्यवस्था नहीं हो पाया है। ऐसे में ब्लॉक तथा जिले के अधिकारियों के कार्य शैली पर भी सवाल उठने लगा है। बता दें इस स्कूल में शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने से अंग्रेजी माध्यम स्कूल के बच्चों को एक ही कैंपस में संचालित हिंदी माध्यम के शिक्षक हिंदी माध्यम के बच्चों के साथ एक ही कक्षा में बैठा कर पढाने को मजबूर हैं। 2 साल पहले यहां एकमात्र शिक्षक जो सीबीएसई पैटर्न पर पढ़ाई किया हुआ था उसकी नियुक्ति हुआ, जिसे सक्ती में अटैच करके रखा गया है, जबकि इग्नाइट प्राथमिक शाला में तीन शिक्षक अटैच में थे, जिन्हें मूल पदस्थ स्कूल में भेजा जा चुका है। पंचायत प्रतिनिधि भी शिक्षिकों की व्यवस्था की दिशा में पहल नहीं कर रहे है। भाजपा के जिला मंत्री रंजीत अजगल्ले का कहना है कि कलेक्टर 20 जुलाई को शिक्षक का व्यवस्था किए जाने का आश्वासन दिया है। शिक्षक की व्यवस्था नहीं हुई तो मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए इस दिशा में पहल की जाएगी।




### डीईओ को भेजे हैं प्रस्ताव

मालखरौदा के इग्नाइट प्राथमिक स्कूल तथा हिंदी मध्यम मिडिल स्कूल में तीन-तीन शिक्षक नियुक्ति किये जाने को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्ताव भेजा गया है।

**-मोहन लाल प्रधान,**
ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालखरौदा

# प्रत्येक बच्चों को करना चाहिए अपने माता- पिता एवं गुरुजनों का आदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

■ लीनेस क्लब ने किया रामायण से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतयोगिता का आयोजन

ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम-1 संपदा सक्ती क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लीनेस संगीता तिवारी ने अपने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट संस्कार शिक्षा के अन्तर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सोंठी में रामायण से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचस्थ अतिथियों एवं पूर्व एरिया आफिसर लीनेस लता नायक ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया। डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लीनेस संगीता तिवारी ने रामायण ग्रंथ का संक्षिप्त वर्णन करते हमारे जीवन में उसका महत्व बताया। उसके पश्चात प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वालो बच्चों को मोमेन्ट, प्रशस्ति पत्र , उपहार एवं चाकलेट प्रदान की और सभी प्रतिभागी बच्चों को संत्वना पुरुस्कार दिया। उन्होंने कहा कि आज नहीं जीते तो ये मत समझना कि हार हो गई और मेहनत करना हार के बाद ही जीत है। उन्होंने सभी बच्चों को शिक्षा के साथ साथ संस्कार को भी अपने जीवन में स्थान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट एक्क्यूटिव आफिसर लीनेस शालू पाहवा ने सभी बच्चों को संस्कार शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चों को अपने माता पिता गुरु जनो का आदर और सम्मान करना चाहिए तभी श्रेष्ठ, संस्कार वान व्यक्ति बनेगे। समाज की उन्नति में सहयोग करेंगे। क्लब अध्यक्ष लीनेस अल्का कंवर ने कहा कि रामायण से मर्यादा व संस्कार की सीख मिलती है रामायण हमें जीवन जीना सिखाती है। विद्यालय के प्राचार्य हीरानंद साहू ने कहा कि संस्कार शिक्षा से ही व्यक्ति का जीवन परिष्कृत होता है और देश का श्रेष्ठ नागरिक बनता है। लीनेस संगीता ने प्राचार्य का प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मान किया। विशेष सहयोगी शिक्षिका निशा गुप्ता चौधरी एवं शिक्षक कश्यप का भी सम्मान किया गया। विधालय प्रांगण में बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष लीनेस विजिया जायसवाल, अनीता सिंह, रामकुमार साहू, ललिता साहू, भगवती देवांगन, पूनम साहू, मनीषा भारद्वाज, कुशल दर्शन, प्रभा जायसवाल, अमृता सिंह, निकहत करीम खान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


मोमेन्टों व प्रशस्ति पत्र के साथ उपस्थित छात्र-छात्राएं एवं लीनेस पदाधिकारी।

## जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 23 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में बुधवार 23 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के दो नियोजक उपस्थित रहेगें। जिसमें आश्रव फाउंडेशन रायपुर द्वारा असिस्टेंट नर्स 100 पद, सिक्युरिटी गार्ड 100 पद, एच.आर. एक्जीक्यूटिव 05 पद एवं आकाश एजुकेशनल एकेडमी जॉजगीर द्वारा नर्सिंग टीचर 01 पद, ट्रेनर के 02 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जावेगी।

## बारिश में कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना मजबूरी सीसी रोड निर्माण की मांग अब तक नहीं हुई पूरी

**देवरी सारागांव।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत दर्रीबंजर के आश्रित गांव हनुमंता के ग्रामीणों को बारिश के मौसम में आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। गांव से सटे लछनपुर जाने का रास्ता तालाब पार होकर जाता है, जो कीचड़ और फिसलन से भरा हुआ है। इस रास्ते से लछनपुर की दूरी लगभग आधा किलोमीटर ही है, लेकिन बारिश के समय यह रास्ता पूरी तरह दलदल में बदल जाता है। मजबूरी में ग्रामीणों को पक्की सड़क वाले दूसरे मार्ग से होकर जाना पड़ता है, जिससे उन्हें करीब 3 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब पार की इस कच्ची सड़क में सीसी रोड निर्माण की मांग वे पिछले 15 वर्षों से करते आ रहे हैं, लेकिन पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा अब तक कोई पहल नहीं की गई है। बरसात के मौसम में बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे को इस कीचड़युक्त रास्ते से जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र ही तालाब पार पर पक्की सीसी सड़क निर्माण की मांग की है, ताकि भविष्य में भी आवागमन बाधित न हो और उन्हें मूलभूत सुविधा का लाभ मिल सके।



# खेल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

■ दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार 18 जुलाई को दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में वार्ड नंबर 5 के पार्षद एवं सभापति दिनेश दास के मुख्य आतिथ्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवकांत द्विवेदी के अध्यक्षता एवं विकासखंड क्रीड़ा अधिकारी संजय कुमार यादव , वरिष्ठ खिलाड़ी संदीप सिंह बैस,व्यायाम शिक्षक रामकृष्ण परमहंस तिवारी , भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि दिनेश दास ने बच्चों को खेलो का महत्व समझाते हुए कहा कि खेल जीवन का सार है । यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को मैदानी खेल से जुड़े रहने , खेल से शारीरिक स्वास्थ्य के अच्छे होने की बात कही । प्रतियोगिता का शुभारंभ सभापति दिनेश दास एवं बीईओ देवकांत द्विवेदी के बीच बैडमिंटन प्रदर्शन मैच के साथ किया गया। प्रतियोगिता मेंबैडमिंटन बालिका वर्ग 14 , 17 19 वर्ष से किया गया जिसमे अकलतरा, बम्हनीनडीह , नवागढ़ से बालिकाएं अपने कोच मैनेजर के साथ सम्मिलित हुए । प्रतियोगिता के दौरानआज बैडमिंटन बालिका 14 वर्ष मे अकलतरा विजेता , 17 वर्ष मे अकलतरा विजेता बम्हनीनडीह उपविजेता , नवागढ़ तृतीय, 19 वर्ष भी अकलतरा विजेता, बम्हनीनडीह उपविजेता , नवागढ़ तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन आर के तिवारी व्यायाम शिक्षक नरियरा ने किया एवं आभार प्रदर्शन संजय कुमार यादव ब्लॉक क्रीड़ा प्रभारी ने किया। जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ी एवं शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं खिलाड़ी।

## जे के नेशनल स्कूल में अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

**अकलतरा।** एजुकेशन ट्रस्ट जे के नेशनल स्कूल में आज अलंकरण समारोह का आयोजन अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवम ईश्वर खंडेलिया सचिव अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ प्रारम्भ हुआ इस अवसर पर अतिथियों द्वारा स्कूल में छात्र-छात्राओं को डिसिप्लिन इंचार्ज हाउस कैप्टन वाइस कैप्टन और क्लास मॉनिटर की शपथ दिलाई तथा उन्हें बैच प्रदान करने के साथ ही सभी को ध्वज प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन स्कूल के सीईओ करण सिंह चंदेल ने किया। कार्यक्रम में शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# कांग्रेसियों ने किया ईडी के खिलाफ प्रदर्शन एवं पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ई डी) द्वारा केंद्र व राज्य भाजपा सरकार के दबाव में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उनके परिवार पर की जा रही दुर्भावना पूर्ण कार्यवाही के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर 19 जुलाई को जांजगीर में जिला कांग्रेस द्वारा जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार के नेतृत्व में ई डी के खिलाफ प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया गया।

उपस्थित कांग्रेस जनों ने कहा कि प्रदेश के जल, जंगल, जमीन को भाजपा सरकार अडानी के पास औने-पौने दामों में बेच रहे हैं। इसके खिलाफ कांग्रेस के नेता आवाज उठा रहे हैं जिसे दबाने के लिए भाजपा सरकार द्वेष पूर्ण ई डी से झूठा कार्यवाही करा रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा,प्रदेश कांग्रेस गिरधारी यादव,, , नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, राजेश अग्रवाल, जय थवाईत,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया,जिला पंचायत सदस्य एवं पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष लोकेश राठौर, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा राजू शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शत्रुहन दास महंत, सुनील साधवानी, संतोष पप्पू शर्मा, महेश्वर टंडन, गोविंद कश्यप, जिला कांग्रेस महामंत्री अजीत सिंह राणा, आभास बोस , नागेंद्र गुप्ता, गुलशन सोनी, परमेश्वर निर्मले, अजय दिव्य, संतोष गढ़वाल बबई, अनिल चौरसिया , पार्षद श्रीमती रक्षा सिंह, श्रीमती रेखा सोनवान, श्रीमती जगदीश्वरी सूर्यवंशी, विष्णु यादव,हरीश पांडे, विजय कुमार अग्रवाल, रंजन कुमार,शशिकांता हंसेलिया, मुस्कान परवीन ,वर्षा सिंह, संध्या निर्मले , राजा सिद्धकी , विजय प्रकाश तिवारी , अनिल राठौर, , सुखराम गरेवाल , संजय देवांगन, अरुण देवांगन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित हुए।



रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

# किसान स्कूल पहुंची महिलाओं ने देखी नवाचार व जैविक खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

बहेराडीह गांव में स्थित वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल में चांपा के लेप्रोसी मिशन ट्रस्ट के माध्यम से सक्ती जिले के चरोदा और किरारी गांव की 28 महिलाएं भ्रमण के लिए पहुंची है और किसान स्कूल में हो रहे नवाचार, जैविक खेती, धरोहर, सहित अन्य सामग्री का अवलोकन किया है।

यहां नवाचार और धरोहर की पुरानी चीजों देखकर महिलाएं काफी प्रभावित हुई। यहां महिलाओं ने बताया कि किसान स्कूल में कृषि की पुरानी सामग्री, केला के रेशे से कपड़ा, अलसी के रेशे से कपड़ा, जैविक खेती, छत्तीसगढ़ की 36 भाजी, सहित अन्य नवाचार और पुरानी सामग्री को देखकर खूब बहुत खुश हुई। महिलाओं ने किसान स्कूल के प्रयास की सराहना की। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहार साहू किसान स्कूल की सदस्य व पशु सखी श्रीमती पुष्पा यादव ने बताया कि सक्ती जिले के चरोदा और किरारी गांव से 28 महिलाएं अवलोकन करने के लिए पहुंची। यहां महिलाओं को किसानों स्कूल के नवाचार, जैविक खेती सहित अन्य चीजों की जानकारी दी गई। इस मौके पर मनोज नायक समेत अन्य किसान उपस्थित थे।



किसान स्कूल पहुंची महिलाएं।

# भविष्य के जिम्मेदार नागरिक तैयार करने बाल कैबिनेट का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवकिरारी में भविष्य के जिम्मेदार नागरिक तैयार करने की दिशा में बाल कैबिनेट का गठन उत्साहपूर्वक किया गया। शिक्षिका उपासना शर्मा के संयोजन में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को अलग-अलग विभागों (मंत्रालयों) की ज़िम्मेदारियां सौंप कर नेतृत्व, उत्तरदायित्व और टीमवर्क का व्यवहारिक पाठ आरंभ हुआ।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों श्रीमती सुनीता कश्यप, दीपक कुमारभानू भूपेन्द्र कंवर, गोपेश पाटले और अनुभव तिवारी ने सम्मिलित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। सभी ने बच्चों को समझाया कि यह कैबिनेट केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि अनुशासन, योजना निर्माण, सहयोग और सेवा भावना को अपनाने का एक जीवंत मंच है। प्राचार्य शशिकांत दीवान ने संबोधित करते हुए कहा कि बाल कैबिनेट विद्यालय का एक सशक्त शिक्षण प्रयोग है, जो बच्चों को नेतृत्व, संवाद कौशल और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ता है। यदि ये नन्हें मंत्री अपने दायित्व को गंभीरता से निभाएँगे तो यही अनुभव आगे चलकर उनके व्यक्तित्व को दिशा देगा। उन्होंने विशेष रूप से इस पहल की सराहना करते हुए शिक्षकों और बाल मंत्रिमंडल को लक्ष्य–निर्धारण, स्वच्छ परिसर, अनुशासन, पुस्तकालय उपयोग, पर्यावरण संरक्षण तथा सहपाठी सहयोग जैसे क्षेत्रों पर ठोस कार्ययोजना बनाने के लिए प्रेरित किया।गठन के दौरान बच्चों ने अपने-अपने विभागों (जैसे स्वच्छता, अनुशासन, सांस्कृतिक, खेल, पुस्तकालय, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य) की प्राथमिकताएँ लिखित रूप में तय कीं और नियमित बैठकें करने का निर्णय लिया। इससे उन्हें निर्णय लेने, समस्या पहचानने और समाधान सुझाने का अभ्यास मिलेगा। अंत में सामूहिक संकल्प लिया गया कि "बाल कैबिनेट केवल नाम का नही बल्कि काम का कैबिनेट होगा।


उपस्थित बच्चे व शिक्षिका।

